Hindustan 25-02-2020

सर्वे : ग्रेटर नोएडा वेस्ट मेट्रो का अलाइनमेंट तय

नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

ग्रेटर नोएडा वेस्ट मेट्रो परियोजना एक कदम और आगे बढ़ गई है। मेट्रो का अलाइनमेंट तय हो गया है। यह मुख्य सड़क की सेंट्रल वर्ज से गुजरेगी। सोमवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) की टीम ने इसका सर्वेक्षण किया। सेंट्रल वर्ज पर रूट बनाने में आने वाली बाधाओं का जायजा लिया है।

एनएमआरसी के मुताबिक इस रूट का काम मौके पर शुरू होने में करीब छह माह लग जाएंगे। दोनों विकास प्राधिकरणों की कोशिश इस मेट्रो परियोजना को 2022 में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव से पहले शुरू करने की है।

दरअसल, नोएडा के सेक्टर-71 से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के नॉलेज पार्क फाइव तक करीब 15 किलोमीटर लंबा ट्रैक बनना है। इसको बनाने में करीब 2,692 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसे दो चरणों में बांटा गया है। पहले चरण में सेक्टर-71 से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर दो तक मेट्रो प्रस्तावित की गई है। यह 9.155 किलोमीटर लंबा ट्रैक होगा।

बढ़े कदम

- ग्रेनो वेस्ट मेट्रो मुख्य सड़क की सेंट्रल वर्ज से गुजरेगी
- प्राधिकरण और एनएमआरसी की टीम ने इसका सर्वेक्षण किया

ऑटो चालकों की मनमानी से राहत मिलेगी : नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद के बीच दौड़ने वाले ऑटो का ग्रेटर नोएडा वेस्ट में कब्जा है। ये ऑटो चालक यात्रियों से मनमाना किराया वसूलने के साथ ही मनमाने रूट पर उन्हें ले जाते हैं।

इस कारण ग्रेनो वेस्ट में सफर करने वाले यात्रियों को अधिक किराए के साथ समय की बर्बादी भी झेलनी पड़ती है। मेट्रो के रूप में लोगों को सुविधाजनक और विश्वसनीय साधन उपलब्ध होने का फायदा होगा।